कार्यालय आदेश

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना–800001

(वेबसाइट–www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन सं0–02/2022 के अन्तर्गत मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में 'मद्यनिषेध सिपाही' के पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों का D.V.(Document Verification) के संदर्भ में।

आवश्यक सूचना
विज्ञापन संख्या–02/2022

वि0सं0–02/2022 मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के PET PASS अभ्यर्थियों का D.V.(Document Verification) के क्रम में पाया गया है कि कई अभ्यर्थियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 (दिनांक–01.04.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि) का E.W.S. प्रमाण पत्र न देकर आवेदन भरने की तिथि (14.11.2022 से 14.12.2022 तक) के बाद के तिथियों में निर्गत E.W.S. प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है।

विदित हो कि बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र सं0–11/आ0नी0 के कंडिका VII में उल्लेखित है कि ''आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अधीन आरक्षण का लाभ हेतु अभ्यर्थी के परिवार के सभी स्त्रोतो से कुल वार्षिक आय आठ लाख रूपये से कम होनी चाहिए। **वार्षिक आय में आवेदन करने के पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के वेतन, कृषि, व्यापार एवं पेशा आदि समस्त स्त्रोतो से हानेवाली आयों को इसके प्रयोजनार्थ परिगणित किया जाएगा''**।

इस सूचना के माध्यम से कहना है कि बिहार सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2021–22 में परिगणित वार्षिक आय के अनुसार E.W.S प्रमाण पत्र केन्द्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्त्ती), बिहार, पटना स्थित बैक हार्डिंग कार्यालय, सचिवालय हाल्ट के पास दिनांक–18.10.2023 से 28.10.2023 तक के बीच किसी भी कार्य दिवस को जमा करा दे अन्यथा आपकी अभ्यर्थिता पर पुर्नविचार करने हेतु पर्षद बाध्य होगीं।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

ह0/–

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना।

ज्ञापांक–21/के0च0प0(सू0),

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति(शहीद स्मारक), बिहार, पटना–800001

दिनांक–16.10.2023